
# विदर्भ स्वाभिमान

संपादक - सुभाषचंद्र जमुनाप्रसाद दुबे 9423426199/8855019189.

❖ अमरावती, गुरूवार 23 से 30 मई 2024 ❖वर्ष :14 ❖ अंक- 48 ❖ पृष्ठ 8 ❖ मूल्य - 4/- पोस्टल रजि.नं ATI/RNP/268/2022-2024 ❖डाक : शुक्रवार-शनिवार


## बाबूजी के आदर्श विचार



### पूज्य बाबूजी का जीवन सिद्धांत

हर व्यक्ति को लगता है कि हर कोई उसका सम्मान करे. लेकिन सम्मान देने से ही मिलता है, यह अक्सर हम भूल जाते हैं. कई लोगों को सम्मान की चाहत ज्यादा होती है. लेकिन बारी जब उनकी आती है तो उसमें फेल हो जाते हैं. सम्मान देने वालों को सदैव सम्मान ही मिलता है. कहते हैं कि जैसा बोओगे, वैसा ही पाओगे. बबूल का पेड़ अगर लगाया है तो मीठे आम के फल नहीं मिल सकते हैं. इसलिए सदैव सम्मान करना सीखें.

# मामले में सबूतों से छेड़छाड़ की कोशिश

## पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार- दुर्घटना के समय पूरे होश में था आरोपी

**पुणे-** पोर्श कार दुर्घटना मामले में पुलिस आयुक्त ने कहा कि मामले में सबूतों के साथ छेड़छाड़ करने की कोशिश की गई थी. उन्होंने कहा कि दुर्घटना के समय किशोर पूरी तरह होश में था उसे अच्छी तरह पता था कि उसके कृत्य से इस तरह का हादसा हो सकता है.उन्होंने कहा कि हमारी जांच के दौरान यह बात साफ हो गई है कि किशोर ही कार चला रहा था.

पुणे पोर्श कार दुर्घटना मामले में रोज नए तथ्य सामने आ रहे हैं. शुक्रवार को पुलिस आयुक्त ने कहा कि मामले में सबूतों के साथ छेड़छाड़




करने की कोशिश की गई थी। ताकि यह दिखाया जा सके कि आरोपित किशोर गाड़ी नहीं चला रहा था, जबकि दुर्घटना के समय किशोर पूरी तरह होश में था, उसे अच्छी तरह पता था कि उसके कृत्य से इस तरह का हादसा हो सकता है.

इस बीच, आरोपित के पिता विशाल अग्रवाल समेत छह लोगों को सात जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है. वहीं, मामले को यरवदा पुलिस स्टेशन से क्राइम ब्रंच को सौंप दिया गया है. गौरतलब है कि पुणे के कल्याणी नगर में रविवार तड़के पोर्श कार चला रहे किशोर ने - 2










संपादकीय

# खतरनाक हीट वेव का हंटर

*इंसान भी कितना स्वार्थी होता है वह जब दवा खाने में भर्ती होता है तो वहां ऑक्सीजन लगने पर हजारों रूपए खर्च करता है.प्रकृति हमेंजीवन भरऑक्सीजन देते रहती है लेकिन उसकी महत्व हम इंसानों की समझ में नहीं आता है अमरावती ही नहीं तो समूचे विश्व में जिस तरह से ग्लोबल वार्मिंग का प्रकोप हो रहा है और जुलूस आने वाली गर्मी लोगों को कर रही है वह आगामी समय के लिए इंसानी जीवन के लिए खतरे का संकेत है.समय रहते यदि इंसान नहीं सुधार और शेखचिल्ली की तरह ही जिस पेड़ पर बैठा है.इस पेड़ को काटने की अपनी हरकत से बाज नहीं आया तो आगामी पीढ़ियां हमें कभी माफ नहीं करेंगे.कितने हैरत की बात है किएक पेड़कम से कम 10 एक से अधिकशीतलता प्रदान करता हैलेकिन इंसानउसके महत्व को नहीं समझ पाता है .तापमान जहां बीमारियों को आमंत्रण दे रहा है वहीं दूसरी ओर हजारों रूपए का एक लाने और हजारों रूपए का बिल भरने के बाद भी इंसान प्रकृति के महत्व को क्यों नहीं समझ पा रहा है यह सोचनीय विषय है.विदर्भ स्वाभिमान आगाह करना चाहता है कि हमारी गलती कहीं हमारी आने वाली पीढ़ी के सपनों को तबाह न कर दे.*

*मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, गुजरात और मध्य प्रदेश में कम से कम 24 स्थानों पर बुधवार को अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा दर्ज किया गया. राजस्थान के बाड़मेर में 48 डिग्री सेल्सियस, चूरू में 47.4 डिग्री सेल्सियस, फलौदी में 47.8 डिग्री और जैसलमेर में 47.2 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज किया गया. मध्य प्रदेश के रतलाम में अधिकतम तापमान 45 डिग्री, महाराष्ट्र के अकोला में 44.8 डिग्री, हरियाणा के सिरसा में 47.7 डिग्री, पंजाब के भटिंडा में 46.6 डिग्री, गुजरात के कांडला में 46.1 डिग्री और उत्तर प्रदेश के झांसी में 45 डिग्री दर्ज किया गया.मौसम विज्ञान विभाग ने अगले कुछ दिनों में उत्तर-पश्चिम भारत में तीन से चार डिग्री की वृद्धि की भविष्यवाणी की है, जिससे हालात और बिगड़ सकते हैं. मौसम विभाग ने राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए गर्मी का रेड अलर्ट जारी किया है. जिसमें लोगों को गर्मी से बचने और धूप में बाहर न निकलने की अपील की गई है क्योंकि बीमार होने और हीट स्ट्रोक का खतरा बहुत ज्यादा है. खासकर अगले चार दिनों तक उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान में रातें भी गर्म होंगी. रात का उच्च तापमान खतरनाक माना जाता है क्योंकि इससे शरीर को ठंडा होने का मौका नहीं मिलता.हीटवेव का सबसे बड़ा खतरा सेहत को होता है. खासकर जब गर्मी के साथ बहुत ज्यादा उमस होती है, तब शरीर पसीना निकालकर खुद को ठंडा नहीं कर पाता क्योंकि हवा पहले से ही नमी से भरी होती है. ऐसे में ठंडी जगह पर रहना बहुत जरूरी हो जाता है. लेकिन, हर किसी के पास एयर कंडीशनर या कूलर जैसी सुविधा नहीं होती. इसलिए, गरीब, बुजुर्ग और बीमार लोगों के लिए ऐसी गर्मी जानलेवा भी हो सकती है. इसे ही गाड़ियां, निर्माण कार्य, फैक्ट्रियां आदि ऐसी ही गतिविधियां हैं. इनसे निकलने वाला धुआं हवा को दूषित करता है और साथ ही ग्रीनहाउस गैस, जैसे कार्बन डाईऑक्साइड भी पैदा करता है. ये हवा में मिलने वाले दूषित कण नाइट्रोजन ऑक्साइड आदि हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत हानिकारक होते हैं. इसलिए, जलवायु परिवर्तन को कम करने के लिए कार्बन डाईऑक्साइड का उत्सर्जन घटाना जरूरी है. इससे हवा प्रदूषण को भी कम करने में मदद मिलेगी, यह एक बहुत बड़ा फायदा है.*

# अभी और बढ़ेगी गर्मी



विदर्भ स्वाभिमान

मेरी तो खरी-खरी



मौसम विज्ञान विभाग ने अगले कुछ दिनों में उत्तर-पश्चिम भारत में तीन से चार डिग्री की वृद्धि की भविष्यवाणी की है, जिससे हालात और बिगड़ सकते हैं. मौसम विभाग ने राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए गर्मी का रेड अलर्ट जारी किया है.धीरे-धीरे महीना खत्म हो रहा है. इस महीने के खत्म होते ही चुभती जलती गर्मी का मौसम शुरू हो जाएगा. अप्रैल के आखिर तक पारा 40 डिग्री के पार जा सकता है. हीटवेव का कहर पूरे भारत को अपनी चपेट में ले लेगा. भारत में हीटवेव का मुख्य कारण क्या है? हीटवेव और एयर पलूशन के बीच क्या नाता है? ऐसे ही कुछ सवालों के जवाब क्लाइमेट एक्सपर्ट से जानते हैं.मेरा काम मुख्य रूप से दो चीजों पर केंद्रित है. पहला, मैं जलवायु परिवर्तन से जुड़े भौतिक विज्ञान पर शोध करने वाले आईपीसीसी वर्किंग ग्रुप 1 का सह-अध्यक्ष शियाओये झांग के साथ काम करता हूं.दूसरा, मैं जलवायु के उग्र रूपों, जैसे अत्यधिक गर्मी या बारिश, पर शोध करता हूँ और यह पता लगाता हूँ कि इनका जलवायु परिवर्तन से क्या संबंध है.भारत के कुछ हिस्सों में अप्रैल में हीटवेव अलर्ट मिल रहा है, क्या यह जलवायु परिवर्तन है?बिल्कुल, जलवायु परिवर्तन इसका एक कारण है. पिछले कुछ सालों में हमने वर्ल्ड वेदर एट्रिब्यूशन नेटवर्क के साथ मिलकर भारत में गर्मीलहरों पर तीन अध्ययन किए हैं (2016, 2022 और 2023). साल 2022 में मार्च से अप्रैल के अंत तक भारत में एक बहुत बड़ी गर्मीलहर देखी गई, जिसमें तापमान सामान्य से काफी ज्यादा था. हमने पाया कि ग्रीनहाउस गैसों की मात्रा बढ़ने के कारण ऐसी परिस्थितियाँ अब और ज्यादा बार-बार हो रहीं हैं. पिछले साल अप्रैल में, खासकर पूर्वी भारत के तटीय इलाकों में बहुत उमस भरी गर्मी पड़ी थी. इससे शरीर की गर्मी सहन करने की क्षमता (हीट स्ट्रेस इंडेक्स) बहुत ज्यादा बढ़ गई थी, जो खतरनाक सीमा को पार कर चुकी थी. हमारे अध्ययन के अनुसार, जलवायु परिवर्तन न होने पर ऐसी घटनाओं की संभावना 30 गुना कम होती.जलवायु परिवर्तन को लेकर बहस करने की बजाय, हम वैज्ञानिक प्रमाण पेश करते हैं. यूरोप में भी तापमान बहुत तेजी से बढ़ रहा है, वहां तो शायद ही कोई इसे नकारता है. भारत में भी पिछले कुछ समय में औसत तापमान लगभग दो डिग्री सेल्सियस बढ़ चुका है.

# सबूतों से छेड़छाड़ की कोशिश

विदर्भ स्वाभिमान

मोटरसाइकिल से जा रहे दो साफ्टवेयर इंजीनियरों को टक्कर मार दी थी, जिससे दोनों की मौत हो गई थी.पुणे पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार ने कहा कि हमारी जांच के दौरान यह बात साफ हो गई है कि किशोर ही कार चला रहा था. हमने घटनाक्रम से संबंधित सभी जरूरी साक्ष्य जुटा लिए हैं. उदाहरण के लिए जब किशोर घर से निकला था तो रजिस्टर में उसके कार के साथ निकलने की इंट्री है. आयुक्त ने कहा कि सीसीटीवी साक्ष्यों और चश्मदीदों के आधार पर इस बात की पुष्टि हुई है कि कार किशोर चला रहा था, जबकि ऐसा दिखाने का प्रयास किया गया कि दुर्घटना के समय कार ड्राइवर चला रहा था.

इतने सालों की हो सकती है सजा

उन्होंने कहा कि हम इस बात की जांच कर रहे हैं और ऐसी कोशिश करने वालों के खिलाफ आईपीसी की धारा 201 (सबूत नष्ट करना) के तहत कार्रवाई करेंगे. उन्होंने यह भी कहा कि अदालत में पुलिस का पक्ष प्रभावी तरीके से रखने के लिए विशेष वकीलों की नियुक्ति की जाएगी. उन्होंने कहा कि सबूतों के आधार पर आरोपित को कम से कम 10 साल की सजा होगी.

वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने इन आरोपों को खारिज कर दिया कि किशोर को थाने में पिज्जा और बर्गर खाने को दिए गए. उन्होंने कहा कि पिज्जा पार्टी होने के आरोपों में कोई सच्चाई नहीं है. कुछ चश्मदीदों पर दबाव होने की शिकायतों के बारे में पूछे जाने पर कुमार ने कहा कि अगर इस तरह की बात सामने आई तो संबंधित पुलिस अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी.वहीं, पुणे की एक अदालत ने आरोपित के पिता विशाल अग्रवाल समेत छह लोगों को सात जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है. अभियोजन पक्ष ने आगे की जांच के लिए उनकी पुलिस हिरासत बढ़ाने का अनुरोध किया था.

दो पुलिसकर्मी निलंबित-इस मामले में पुलिस विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो पुलिस अधिकारियों को निलंबित कर दिया है. यरवदा पुलिस स्टेशन के इन दोनों अधिकारियों पर अपने कर्तव्य में लापरवाही बरतने का आरोप है. जिन अधिकारियों पर कार्रवाई की गई है, वो घटना के बाद घटनास्थल सबसे पहले पहुंचे थे, लेकिन मामले की जानकारी अपने वरिष्ठ अधिकारी और कंट्रोल रूम को नहीं दी थी.

नाबालिग का फर्जी वीडियो प्रसारित-इन सबके बीच, इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहे एक वीडियो को लेकर आरोपित की मां परेशान हैं. उन्होंने पुलिस से बेटे की रक्षा करने की अपील की है. वीडियो में एक रैप गीत में आरोपित किशोर के होने का दावा करते हुए कार दुर्घटना में कैसे बच निकलने की बात बताई गई है. एक वीडियो संदेश में किशोर की मां ने कहा कि जो वीडियो प्रसारित हो रहा है वह मेरे बेटे का नहीं है. यह एक फर्जी वीडियो है. मेरा बेटा संरक्षण गृह में है.

विदर्भ स्वाभिमान

यह समाचार पत्र मालिक, प्रकाशक,संपादक सुभाषचंद्र जमुनाप्रसाद दुबे द्वारा एस.बी.प्रिंटर्स द्वारा दत्त पैलेस गांधी चौक अमरावती में मुद्रित कर विदर्भ स्वाभिमान कार्यालय,छाया कॉलोनी,अकोली रोड,अमरावती में प्रकाशित किया गया है.मोबाइल नंबर 9423426199/8855019189.अखबार में प्रकाशित होने वाले विभिन्न पत्र,साहित्य,लेखकों,कवियों के विचारों व तथ्यों पर आधारित होते हैं. इनसे संपादक की सहमति अनिवार्य नहीं है.संपादक सुभाषचंद्र जमुनाप्रसाद दुबे (संपादकीय दायित्व हेतु जिम्मेदार), मुख्य प्रबंधक- सौ.वीणा सुभाषचंद्र दुबे.Email-vidarbh.swabhiman@gmail.com,www.vidarbhswabhiman.com







# समाजसेवी लप्पी भैया को हजारों ने दी जन्मदिन की शुभकामनाएं

**अमरावती**-जिले ही नहीं तो समाज सेवा के क्षेत्र मेंराष्ट्रीय स्तर पर जाने वाले चंद्र कुमार उर्फ लप्पी भैया जाजोदिया का जन्मदिन सामाजिक उपक्रमों के दिवस के रूप में मनाया गया.खंडेलवाल लोन में हुए शानदार कार्यक्रम में जहां सभी धर्म के गुरुजनों ने लप्पी भैया को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी वहीं दूसरी ओर धर्म गुरूओं का आशीर्वाद भी उन्हें प्राप्त हुआ.जाजोदिया दंपति नेसंत महात्माओं का आशीर्वाद लिया.हजारों की संख्या में लोगों ने कार्यक्रम में पहुंचकर शुभकामनाएं देते हुएभैया केसुख समृद्धि और स्वास्थ्य की कामना की.उन्हें शुभकामना देने वालों मेंशहर के सामाजिकराजनीतिकसहितसभी क्षेत्र के मान्यवरों का समावेश था.लोगों के प्रेम को अपनी सबसे बड़ी ताकत बताने वाले चंद्रकुमार जाजोदिया ने सभी के प्रति आत्मीय कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि अमरावती शहर ने उन्हें बहुत कुछ दिया है.उनके मुताबिक माता-पिता के आशीर्वाद और शहर वासियों के प्रेम के कारण उन्होंने जीवन में सब कुछ हासिल किया है.जीवन में हम सभी यात्री है, किसे किस जगह उतरना है यह भगवान तय करते है. लेकिन मानव जीवन में मानवता का धर्म निभाते हुए हम कितना सुंदर कर सकते है, जिससे दुनिया सुंदर लगे, यह करने की कोशिश भी हमारे जीवन को संवारने में कारगर होती है. जब हम अच्छा करते है तो भगवान हमारा क़भी बुरा नही होने देते है. इसलिए हर इंसान को इंसान के काम में आने की कोशिश करनी चाहिए, ऐसा करने से ही संसार सुखमय् होगा. मानव सेवा से बडा धर्म नही हो सकता है. हम सभी भगवान की संतान है, इसलिए भगवान को परमपिता कहते है. इंसान को खुश रखने वाले से भगवान खुश रखते है. धनवान होना आसान है. लेकिन अपनी मेहनत की कमाई से सामाजिक कामों में योगदान देना बड़ी बात होती है. अमरावती में अमीरों की कमी नहीं है. लेकिन सम्पन्नता में भी विनम्रता की जिस तरह की शालीनता राष्ट्रीय स्तर के दानशूर और समाजसेवी चंद्रकुमार उर्फ लप्पीभैया जाजोदिया में है, वह आज के दौर में कम दिखाई देती है. भगवान द्वारा देने के बाद भी रोने वालों के इस दौर में भैया की सादगी, उनका अपनापन, उनकी आत्मीयता हर व्यक्ति का दिल जीत लेती है. भैया का 22 मई को जन्मदिन है.हमारी हार्दिक शुभकामनाएं.माता-पिता की सेवा करनेवाले को किसी तीर्थ या धाम में जाने की जरुरत नहीं रहती है.उसकी इस सेवा से भगवान स्वयं ही खुश होते हैं और उसकी हर चाहत को पूरा करते हैं.

इस आशय का मत जानेमाने समाजसेवी लप्पीभैया व्यक्त करते हैं. उनके मुताबिक हमारी सम्पन्नता का लाभ अगर हम किसी को दे सकते हैं तो इससे बड़ा पुण्य का काम और क्या हो सकता है.अपना स्वयं का अनुभव बताते हुए उन्होंने कहा कि आज वे जो कुछ भी हैं, माता-पिता का आशिर्वाद है. शहर ही नहीं तो समूचे विदर्भ में सुख्यात लप्पीभैया धार्मिकता के साथ ही कर्म पर भी उतना विश्वास रखते हैं. रोज किसी मंत्री से भी अधिक कार्यक्रमों में अतिथि का सौभाग्य उन्हें प्राप्त होता है. लेकिन हर जगह उनकी शालीनता उपस्थितों पर असर करती है. लोगों की दुवाओं को कामयाबी


# विदर्भ स्वाभिमान

| | | |
|---|---|---|
| जाहीर सुचना | 10x2 | 500 |
| जाहीर सुचना | 15x2 | 1000 |
| बच्चों का जन्मदिन | 10x2 | 500 |
| शादी की वर्षगांठ | 10x2 | 500 |
| नाम में बदल | 10x2 | 500 |
| गुमशुदा | 10x2 | 400 |
| श्रध्दांजलि | 10x2 | 500 |
| पुण्यस्मरण | 15x2 | 1000 |

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें

विदर्भ स्वाभिमान, छाया कॉलोनी, अमरावती

मो. 9423426199/ 8855019189


## प्रेम, अपनापन ही देता है मुझे जीवन में संबल

अमरावती -शहर ही नहीं तो राज्यस्तर के समाजसेवी तथा सामाजिक कामों में स्वयं को झोंकने वाले चंद्रकुमार उर्फ लप्पी भैया जाजोदिया ने जन्मदिन पर शुभकामनाएं देने वालों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए सदैव सभी का इसी तरह का साथ, प्रेम और विश्वास मिलने का भरोसा जताया है.धर्म के प्रचार के लिए इस्कॉन को दिए गए रथ के उद्घाटन के साथ ही हर कार्यक्रम में हजारों लोगों की उपस्थिती की सराहना करते हुए कहा कि शहरवासियों के साथ ही जिले की जनता ने उन्हें अपार प्रेम दिया है. उनके मुताबिक लोगों से मिलने वाला प्रेम और आत्मीयता ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है. इसी कारण उन्हें सदैव अच्छा करने की प्रेरणा मिलती है. जन्मदिन पर दर्जनों समाजसेवी संगठनों के पदाधिकारियों को सम्मानित किया. उनके मुताबिक लोगों का यही प्यार, विश्वास उन्हें कुछ करने की प्रेरणा देता है.

## विदर्भ स्वाभिमान

**ज़ीवन में भाई तथा बहन का आत्मीय प्यार करोड़ों की दौलत से बढ़कर होता है. पैसे के लिए कभी भी रिश्तों को खराब नहीं करना चाहिए. हम सभी यात्री हैं, जीवन में कब कहां उतरना पड़ जाए कह नहीं सकते हैं, ऐसे में ऐसा काम करने का प्रयास करें, जिसके लिए याद रहें.**

### *जरूरी नम्बर टोल फ्री*

| | |
|---|---|
| विद्युत सेवा | 1912 |
| पुलिस सेवा | 112 |
| अग्नि सेवा | 101 |
| एम्बुलेंस सेवा | 102 |
| यातायात पुलिस | 103 |
| आपदा प्रबंधन | 108 |
| चाइल्ड लाइन | 1098 |
| रेलवे पूछताछ | 139 |
| भ्रष्टाचार विरोधी | 1031 |
| रेल दुर्घटना | 1072 |
| सड़क दुर्घटना | 1073 |
| सीएम सहायता लाइन | 1076 |
| क्राइम सहायता | 1090 |
| महिला सहायता लाइन | 1091 |
| पृथ्वी भूकम्प | 1092 |
| बाल शोषण सहायता | 1098 |
| किसान काल सेन्टर | 1551 |
| नागरिक काल सेन्टर | 155300 |
| ब्लड बैंक | 9480044444 |

## बुढ़ापे का इलाज

खाना कम और पानी ज्यादा
कर लो तुम स्वयं से ये वादा

प्रोटीन अधिक, शर्करा का त्याग
शारीरिक श्रम से कभी ना भाग

वाहन कम से कम चलाना
पैदल चलना, ना घबराना

गुस्से पर है, काबु पाना
बहस को कहना हरदम "ना ना"

धन की चिंता अब ना करना
मुश्किल हो जाएगी वरना

इच्छाओं को दे आहुति
"इगो" से तुम पा लो मुक्ति

बच्चे-बड़ों में प्यार बांटना
गलती पर भी नहीं डांटना

इन बातों को कर ले पूरा
इंसान कभी ना हो वो बूढ़ा



Bsf

# तब रक्षा करता है जब हम उसे मानते हैं

## पं.प्रदीप मिश्रा की सीख, बेहतर करेगे तो ही जीवन में सदैव बेहतर होगा, संस्कार है महत्वपूर्ण



**विदर्भ स्वाभिमान**

**विशेष संस्कार पहल**

### अच्छाई से अच्छाई बढ़ती

श्री विठ्ठलेश सेवा समिति के प्रमुख और अंतराष्ट्रीय कथा प्रवक्ता पंडित प्रदीप मिश्रा के मुताबिक जिस तरह काले कमरे में जाने के बाद काला लगना तय है, उसी तरह जीवन में बुराई करने पर बुराई ही बढ़ती है. लेकिन जब हम अच्छाई का साथ देते हैं तो निश्चित तौर पर अच्छाई बढ़ती है. प्रेम, सम्मान और अच्छी सोच ही जीवन में आपको लोगों के दिलों में स्थान देती है. जब हम अच्छा सोचते हैं तो हमारे जीवन में कई बदलाव आते हैं और अच्छाई स्वयं को बढ़ाने का काम करती है. लेकिन जब बुराई सोचते हैं तो वह बढ़ती है और सदैव बर्बादी का कारण बन जाती है. इसलिए अच्छा सोचें और जीवन में आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करें.



### हर घर में होना चाहिए प्रभु का सुमिरन

कहते हैं कि हर धर्म में भाव तिथे देव वाली बात कही गई है. हमारा जैसा भाव होता है, हमें देव भी वैसे ही दिखाई देते हैं. लेकिन अगर शुद्ध भाव नहीं होगा तो देव का दर्शन नहीं हो सकता है. देव का मतलब अच्छाईयां ही हैं. देव और दानव दोनों ही हमारे मन के भीतर रहते हैं. जब अच्छा सोच हो तो समझना कि मन में देव हैं और जब मन में लगातार बुरा विचार आए तो यह सोच लेना कि शायद कहीं हमारी श्रद्धा में गलती है. इतना तय है कि जो बोया है, काटना वही पड़ेगा. श्रीरामचरित मानस में तो स्पष्ट कहा गया है कि कर्म प्रधान विश्व करि राखा, जो जस करही तो तस फल चाखा. यानीकि तुमने किसी के साथ छल किया है तो कुछ समय के लिए खुश हो सकते हो, यह सोचकर कि संबंधित ने तुम्हारे ऊपर आंख बंद कर भरोसा किया. लेकिन इतना पक्का है कि किसी से छल करते हुए अगर तुमने बहुत कुछ कमाया है तो यह निश्चित है कि उसे जाने के लिए अधिक समय नहीं लगेगा. आते समय इस तरह की दौलत खुशी देती है लेकिन जाते समय कई गुना अधिक तकलीफ देकर जाती है. इसलिए कोशिश यह करना कि किसी को साथ नहीं दे सकते हो तो किसी के विश्वास को कभी नहीं तोड़ना. नियति एक समय तुम्हे उसी गड्ढे में ले जाती है, जो गढ्ढा कभी तुमने दूसरों के लिए खोदा है. भारत ही नहीं तो शिव पुराण कथा के मामले में समूचे विश्व में तेजी से लोकप्रिय होने वाले पूज्य पंडित प्रदीप मिश्रा का कहना रहता है कि संस्कारों का जीवन में अत्याधिक महत्व रहता है. हर परिवार में माता-पिता को चाहिए कि वह अपने बच्चों को धर्म की महत्ता बताएं, अपनी संस्कृति का महत्व बताएं, मम्मी-पापा की बजाय माता-पिता शब्द का उपयोग करना उन्हें सिखाएं, इससे निश्चित ही संस्कृति का जतन होगा.


**विदर्भ स्वाभिमान**

**कमाने का सुनहरा अवसर,विज्ञापन सहयोगी चाहिए**

विदर्भ में तेजी से लोकप्रिय, आचार-विचार और संस्कारों को बढ़ावा देने वाले विदर्भ स्वाभिमान को विज्ञापन सहयोगी की आवश्यकता है. बाजार पर पकड़ रखने वाले और आर्थिक मजबूती के साथ ही संभाषण कला में निपुण युवक-युवतियां संपर्क करें. काम के आधार पर मानधन और उनके द्वारा किए गए व्यवसाय पर कमीशन भी दिया जाएगा. मेहनती तथा काम के प्रति जिद्दी युवक-युवतियां ही संपर्क करें.संपर्क का समय सुबह 10-12 बजे

**मोबाइल 9423426199/8855019189**



**वार्ड संवाददाता चाहिए**

अमरावती महानगर पालिका क्षेत्र में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है. वार्ड की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने का फैसला विदर्भ स्वाभिमान ने लिया है. ऐसे में वार्ड स्तर पर संवाददाताओं की नियुक्ति करनी है. समस्या की समझ के साथ ही समाजसेवा में रूचि रखने वाले युवा संपर्क कर सकते हैं. अपने क्षेत्र की समस्याएं आप भी जागरूक नागरिक के रूप में देकर प्रशासन तक पहुंचा सकते हैं. अपने क्षेत्र में मार्केटिंग के साथ ही विज्ञापन व्यवसाय के माध्यम से बेहतरीन कमाई भी कर सकते हैं. मेहनत करने की तैयारी वाले ही तत्काल संपर्क करें

संपर्क

छाया कॉलोनी,अकोली रोड,अमरावती

मो. 9423426199/8855019189








**विदर्भ स्वाभिमान**

**सदस्य बनें**

विदर्भ स्वाभिमान संस्कारों का प्रोत्साहित करने वाला अखबार है. बच्चों के लिए यह ज्ञान का भंडार है. इसकी सदस्यता का अभियान चल रहा है. ऐसे में सदस्य बनने के इच्छुक संपर्क करें. मार्केटिंग करने तथा पेपर बांटने के लिए लड़के चाहिए.

संपर्क

छाया कॉलोनी,अकोली रोड,अमरावती.

मो.9423426199



सभी धर्म के गुरुजनों ने लप्पी भैया को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी वहीं दूसरी ओर धर्म गुरुओं का आशीर्वाद भी उन्हें प्राप्त हुआ.

# जन सहयोग से सफल1000 दिनों की तपस्या

## श्री परशुराम अन्नदान सेवा समिति रच रही मानव सेवा का इतिहास,युवा समाजसेवी मनीष चौबे और टीम ने कमाई करोड़ों की दुआएं

**विदर्भ स्वाभिमान नेटवर्क**





अमरावती- जीवन में अपने लिए तो सभी जीते हैं.कुछ ही लोग ऐसे होते हैं जो सदैव ऐसे लोगों के बारे में सोचते हैं जिनके बारे में कोई नहीं सोचता है.श्री परशुरामअन्य दान सेवा समिति के प्रमुख युवा समाजसेवी और भाजपा अंबा मंडल के अध्यक्ष मनीष चौबे की जितनी प्रशंसा की जाएउतनी कम है.1000 दिनों सेपहले सरकारी अस्पताल और उसके बाद पंजाब राव देशमुख मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में सैकड़ो गरीब मरीजों को शाम में भोजन करने का सौभाग्य उन्हें मिल रहा है.उनके साथी अभिनंदन के हकदार हैं जो उनके कंधे से कंधा मिलाकर इस मानव सेवा के सर्वोच्च कार्य में अपना योगदान दे रहे हैं.पूर्व पालक मंत्री और भाजपा शहर अध्यक्ष प्रवीण पोटे पाटील ने उनके इस कार्य की सराहना करते हुए जब उनका सत्कार किया तो निश्चित ही वह पल उनके लिए ही नहीं तो ऐसे सैकड़ो लोगों के लिए प्रेरणादाई साबित हो सकता है जो अपनी जीवनचार्य के साथ समाज के ऐसे लोगों के लिए सदैव कुछ करने की प्रेरणा रखते हैं.उनके कार्य में विशेष सहयोग देने वाले भी अभिनंदन के हकदार हैं.विदर्भ स्वाभिमान परिवार उनके कार्यों को नमन करता है साथ प्रभु चरणों में कामना करता है कि गरीब मरीजों की सेवा का यह सिलसिला केवल हजार दिन नहीं बल्कि लाखों दिनों तक चला रहे और दुआओं का यह सिलसिला मनीष चौबे तथा उनकी टीम हासिल करते हुए अपने जीवन के सभी अरमानों को पूरा करें.

कहते हैं कि अगर दिल से अच्छाई करने की चाहत है तो स्थितियां कभी भी बेजार नहीं करती हैं. वैसे भी जिंदगी किराए का घर होता है, इसमें हम अपने, अपने परिवार के लिए तो जीते ही हैं लेकिन समूचा विश्व ही हमारा परिवार जब हम प्रेम, ममता और कुछ करने की कोशिश करते हैं तो निश्चित तौर पर प्रभु का आशिर्वाद मिलता है, इसी बात को साबित किया है कि श्री परशुराम अन्नदान समिति के युवाओं ने. मनीष चौबे के साथ ही उनके सहयोगियों तथा इस नेक काम में योगदान देने वाला हर व्यक्ति अभिनंदन का पात्र है, ऐसे लोगों के कारण ही मानवता आज गर्व महसूस करती है. वर्ना हर साख पर उल्लू बैठे हैं, अंजाम-ए-गुलिस्तां क्या होगा तो हमेशा ही रहता है. लेकिन जब अच्छी सोच के साथ कोई काम शुरू किया जाता है तो मेरे प्रभु उसे कम नहीं पड़ने देते हैं, इसका सबूत यह समिति है. पहले सरकारी अस्पताल और बाद में पीडीएमसी के मरीजों को तथा उनके परिजनों की क्षुधा शांति में यह समिति योगदान दे रही है. मरीजों तथा उनके परिजनों की दुवाओं का ही असर मनीष चौबे मानते हैं कि



आज 650 दिन के दौरान सवा लाख से अधिक जरुरूतमदों की मदद में वे और उनके साथी आ सके. भोजनदान रूपी यज्ञ में आज शहर के कई लोग जुड़े हैं. कई तो ऐसे तन-मन-धन से जुड़े हैं कि इस काम में लगातार मदद करते हैं.मनीष के मुताबिक सभी का साथ और प्रोत्साहन दोनों ही मिल रहा है. यही कारण है कि समय-समय पर सभी लोगों का साथ मिलता है. आर्थिक सहयोग के साथ ही श्रमदान के लिए भी लोग आगे आ रहे हैं. बाहर गांव से पीडीएमसी में भर्ती होने वाले मरीजों और उनके परिजनों के लिए यह पहल किसी संजीवनी से कम नहीं है. खिचड़ी की गाड़ी का इंतजार सभी करते हैं.इस काम में मनीष चौबे तथा परिवार ने जहां झोंका है, वहीं उनका साथ देने के लिए सैकड़ों युवक और मान्यवर तैयार रहते हैं.

इसे वे प्रभु की इच्छा और कृपा मानते हैं. खिचड़ी सेवा के साथ ही भीषण गर्मी में मनीष चौबे ने शीतल जल सेवा भी आरंभ की है. ऐसे में उनके द्वारा किया गया यह कार्य न केवल सराहनीय है बल्कि लोगों के लिए भी प्रेरणादाई है.ग़ाड़ी पर रोजाना सेवा देने वालों में संजय अग्रवाल, अमोल रौराळे, एड. आशीष चौबे, गणेश वर्मा, हर्षद केडिया, प्रतीक श्रीवास,चेतन राजगुरे, वैभव राजगुरे तथा सदैव आर्थिक मदद के लिए तैयार रहने वालों में दीपक शर्मा मानका, सौ. अनुराधा हेमंतकुमार पटेरिया, सौ. शोभा मदनमोहन जोशी एवं राहुल गुल्हाने का समावेश है.



# गर्भावस्था के दौरान होने वाली मचलाहट एवं वमन



गर्भावस्था के पहले तीन मास में शुरूवात में जी मचलाना, वमन होना यह एक स्वाभाविक बात है. शरीर में होने वाला बदलाव हार्मोन्स की स्त्राव में होने वाले बदलाव की वजह से मचलाहट एवं वमन होता है. सामान्य यह सुबह के वक्त महसूस होता है.

गर्भावस्था के पहले 4 से 5 सप्ताह में यह ज्यादातर महसूस किया जाता है. कभी यह 10 से 20 हफ्तों तक भी रह सकता है. कुछ गर्भवतियों में यह अधिक मात्रा में रहने की वजह से कठिनाईयां आ सकती हैं. जैसे की रक्तचाप कम होना, उचित मात्रा में योग्य अन्न द्रव्य पोषक द्रव न मिल पाना, कुपोषण होना, किन्तु किसी भी स्थिति में खाना बंद नहीं करें. थोड़ा-थोड़ा बार-बार खाएं.

पानी भरपूर मात्रा में पीना चाहिए. सुबह उठते से ही कुछ ब्रेड,बिस्कट या टोस्ट को मुंह में चबाएं. ऐसी चीजें जिनकी वजह से या जिनके स्वाद से मचलाहट हो, उसे न खाएं या उनके स्वाद से दूर रहें. किन्तु अगर मचलाहट या उल्टी ज्यादा मात्रा में हो तो चिकित्सक की सलाह अवश्य लें. अगर तीन या चार बार से ज्यादा बार उल्टी हो और अन्न पेट में नहीं रहे तो चिकित्सक की सलाह लें. होमियोपैथी में इस स्थिति का कारगर इलाज साबित हुआ है. जो कि कम मात्रा में गोलियों के सेवन से उल्टी, मचलाहट दुरूस्त हो सकता है. ज्यादा हफ्तों तक या ज्यादा होने वाले वमन को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए.

डॉ. रामगोपाल तापडिया
सुख्यात होमियोपैथी चिकित्सक.

# समर्पित नेता हैं विवेक कलोती



भाजयुमो के वरिष्ठ तथा प्रदेश स्तर के पदाधिकारी रहने के साथ ही सामाजिक और मानवता के कामों में भी विवेक कलोती सदैव अग्रणी रहते हैं. विदर्भ स्वाभिमान से बातचीत करते हुए उन्होंने बताया कि लोगों ने उन्हें नगर सेवक के रूप में प्रभाग की सेवा का मौका दिया था, उसे अपने कामों से पूरा करने कीदिशा में उन्होंने सदैव प्रयास किया. क्षेत्र में व्यापक संपर्क के साथ ही हर व्यक्ति से उनके करीबी संबंध हैं. भाजपा के राष्ट्रीय प्रेम को लेकर युवाओं में जबर्दस्त उत्सुकता है, यही कारण है कि आज भाजपा भारत ही नहीं तो विश्व की सबसे बड़ी पार्टी समूचे विश्व में पार्टी नंबर वन हो गई है. भाजपा की जनताभिमुख और सभी को साथ लेकर चलने वाली नीति ने सदैव उसे लोगों से हटकर रखा है. भाजपा द्वारा किसी के साथ भेदभाव नहीं किया जाता है.

सक्रिय पार्षद के रूप में जहां प्रभाग में विकास की गंगा बहाई, वहीं सामाजिक कामों में भी विवेक कलोती सदैव अग्रणी रहते हैं. अल्प समय में ही पार्षद के रूप में अपने कामों से अमिट छाप मतदाताओं पर छोड़ा है. पार्षद के अलावा स्थायी समिति के सभापति के रूप में शहर के विकास को लेकर अत्याधिक उत्सुक थे. उनके मुताबिक भाजपा के कार्यकाल में शहर में तेजी से विकास काम हुए हैं. पूर्व पालकमंत्री प्रवीण पोटे पाटिल सहित सभी नेताओं के मार्गदर्शन में विकासार्थ करोड़ों रूपए खींचकर लाने का काम किया. शहर की विभिन्न समस्याओं को लेकर विवेक कलोती न केवल जागरूक बल्कि पत्र व्यवहार के माध्यम से इन समस्याओं के निराकरण का भी सदैव प्रयास करते हैं. वे कहते हैं कि शहर में आज भाजपा बड़ी ताकत के रूप में उभरी है.

**हमारी ही सत्ता बनेगी**

महानगर पालिका के आगामी चुनाव के बारे में पूछने पर भाजपा युवा नेता कलोती ने कहा कि भाजपा द्वारा किए गए विकास कामों और सभी को साथ लेकर चलने वाली नीति के कारण अब सभी जाति,धर्म, पंथ के लोग भाजपा से आकर्षित हो रहे हैं. शहर में भाजपा की लोकप्रियता तेजी से बढ़ी है. इसके चलते आगामी चुनाव भी भाजपा ही जीतने और मनपा ही क्या विधानसभा की सीटों पर भी शानदार कामयाबी हासिल करेगी. इसके लिए भाजपा पदाधिकारी अभी से जुट गए हैं.भाजपा ने सदैव विकास को महत्व दिया है. यही कारण है कि भाजपा से लोग जुड़ते जा रहे हैं. लोगों के जुड़ने के कारण ही भाजपा की ताकत लगातार बढ़ रही है. प्रभागवासियों के आर्शिवाद के साथ विकास को प्राथमिकता देने की बात कही.



## संवाददाता चाहिए

**अमरावती ही नहीं तो समूचे संभाग में आचार-विचार-आदर्श संस्कारों को बढ़ावा देने वाले हिंदी साप्ताहिक के रूप में पाठकों का प्यार पाने वाले विदर्भ स्वाभिमान को जिले की अचलपुर, चिखलदरा, चांदुर बाजार,वरूड़ में संवाददाताओं की नियुक्ति करनी है. सामाजिक दायित्व को महत्व देने वाले इच्छुक युवक-युवतियां संपर्क कर सकते हैं. आवेदन के साथ पासपोर्ट फोटो जरूरी है. इच्छुक अपना आवेदन हमें इस पते पर भेज सकते हैं. प्राप्त आवेदनों की जांच करने के बाद फैसला लिया जाएगा. सामाजिक सरोकार रखने वाले ही संपर्क करें.**

हमारा पता

**विदर्भ स्वाभिमान अखबार**

छाया कॉलोनी, अकोली रोड, गजानन महाराज मंदिर के पीछे, अमरावती.

मो. 9423426199/8208407139




*घर की छत पर पक्षियों के लिए दाना-पानी की सुविधा करें. भीषण गर्मी में उन्हें हमारी सर्वाधिक जरूरत है. सृष्टि हित में विदर्भ स्वाभिमान की विनम्र प्रार्थना है. इस माध्यम से पुण्य कमाने का सुअवसर मिल रहा है.*

**विदर्भ स्वाभिमान**
मानव सेवा,माता-पिता सेवा को प्रोत्साहित करने वाला समाचार पत्र

महिलाओं को नमन और सम्मान

विदर्भ स्वाभिमान

# नारी तू ही नारायणी

## सदस्यता पंजीयन शुरू

विदर्भ स्वाभिमान नारी युवा मंच की सदस्यता पंजीयन का अभियान आरंभ हो गया है. आप भी फार्म भरकर सदस्य बनकर अपनी खुशियों को बढ़ाने का काम कर सकती हैं. सदस्य बनने के लिए कार्यालय में संपर्क करें.

मो. 8855019189
9518528233

# सेवाभावी, समर्पित व्यक्ति हैं नितिनभाऊ

**जन्मदिन 20 मई पर विशेष**

स्थानीय अंबाविहार निवासी और सेवाभावी व्यक्ति, यारों के दिलदार यार नितिन देवराव भोरे जहां युवा समाजसेवी हैं, वहीं दूसरी ओर माता-पिता के भक्त आदर्श पुत्र भी हैं. आज जहां संस्कृति, परम्परा, माता-पिता के प्रति सम्मान समाज में कम होता दिखाई दे रहा है, ऐसे में नितिन भोरे जैसे युवाओं के कारण ही इस तरह की अच्छाईयों को प्रोत्साहित करने का मौका मिला है.

धीर-गंभीर चेहरे वाले नितिन भोरे शिवसेना के जहां समर्पित कार्यकर्ता हैं, वहीं जनता के कामों के लिए हर पार्टी के नेताओं से उनके करीबी संबंध हैं. यही कारण है कि विकास का काम हो, धार्मिक आयोजन में सहयोग हो अथवा किसी जरूरतमंद की मदद की बात हो, वे सदैव आगे रहते हैं. उनके 20 मई को जन्मदिन पर हजारों लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं दी. यह उनकी लोकप्रियता का ही परिचायक कहना चाहिए. युवा समाजसेवी के रूप में क्षेत्र तथा शहर में भी नेक और अच्छे कामों में योगदान देने का प्रयास करते हैं.

आज के दौर में स्वार्थ जहां सर्वत्र हावी रहता है, वहीं दूसरी ओर नितिन भाऊ यारों के लिए सदैव उपलब्ध रहते हैं. पिता देवराव भोरे महाकाल के भक्त हैं, वहीं पूरा भोरे परिवार आदर्श, सेवाभावी और भक्तीभाव से युक्त परिवार के रूप में पहचाना जाता है. नितिन भोरे बातचीत के दौरान बताते हैं कि माता-पिता के आदर्श संस्कारों, आचार-विचारों की छाप पूरे परिवार पर पड़ी है. यही कारण है कि शहर में आज आदर्श परिवार के रूप में भोरे परिवार की गणना होती है. उनके मुताबिक जितना संभव हो, हर व्यक्ति को अपने स्तर पर स्वयं के साथ ही समाज के लिए भी जीने का प्रयास करना चाहिए, ऐसा करने से मिलने वाली खुशी महत्वपूर्ण रहती है. गड़गड़ेश्वर प्रभाग में सामाजिक,



राजनीतिक, शैक्षिक तथा धार्मिक कामों में भी नितिन भोरे का सदैव योगदान रहता है. यही कारण है कि उनके जन्मदिन पर वल्लभ नगर स्थित हनुमान मंदिर में रात में उनका सत्कार कर जन्मदिन पर शुभकामनाएं दी गई हैं. लोगों के इस प्यार को अपने लिए सबसे बड़ी पूंजी मानने वाले नितिन भोरे जितने बेहतरीन युवा समाजसेवी हैं, उससे भी बेहतरीन इन्सान हैं. किसी गरीब, जरूरतमंद की यथासंभव मदद करने के लिए तत्पर रहते हैं. उनका मानना है कि इन्सान को इन्सान के काम आना चाहिए. जरूरी नहीं है कि हम किसी की पैसों से ही मदद करें, किसी गरीब के लिए रक्तदान कर अथवा रक्त की व्यवस्था कर भी मदद की जा सकती है. किसी दिव्यांग को सड़क पार कराने अथवा बुजुर्ग को सड़क पार कराकर भी मदद की जा सकती है. जीवन में जो लोग मेहनत से डरते हैं, वे जीवन में कभी कामयाब नहीं हो सकते हैं. बचपन से ही हमें जीवन का संघर्ष सिखाया जाता है. कहा जाता है कि जीवन में अगर कामयाबी प्राप्त करनी है तो लगन, जिद, मेहनत और जीवन का लक्ष्य तुम्हे ही तय करना है. इसके साथ ही जीवन में माता-पिता का आशिर्वाद और अपनों का साथ कामयाबी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. वे कहते हैं कि जीवन में अगर सही नियोजन हो और सही तरीके से जीवन का सलीका प्राप्त हो जाए तो जिंदगी खुशनुमा बन जाती है.गरीबों की मदद हो अथवा अन्य कार्य सदैव अग्रणी रहते हैं. दोनों ही भाईयों के बीच का प्रेम और परिवार के अपनेपन को जहां सराहा जाता है, वहीं दूसरी ओर नितिन भाऊ बेटे, भाई, पुत्र तथा पति की भूमिका में भी सदैव बेहतरीन रहे हैं. उनका कहना रहता है कि भारतीय धर्म, संस्कृति और संस्कारों को विश्व में सबसे महान इसलिए माना जाता है कि इसमें जोड़ने की कला है, तोड़ने की कला नहीं है. यह भी कम महत्वपूर्ण नहीं है कि हम सभी को सम्मान दें और उनसे भी सम्मान प्राप्त करें. 20 मई को उनके जन्मदिन पर उन्हें हजारों ने शुभकामनाएं दी. सभी के प्रति उन्हों ने कृतज्ञता जताई और इसी प्यार को अपनी ताकत बताते हुए आभार व्यक्त किया. **विदर्भ स्वाभिमान डेस्क.**




शुभेच्छुक - नितिन भोरे मित्र मंडल, शिवसैनिक मित्र विदर्भ स्वाभिमान परिवार, असंख्य शिवसैनिक.

# प्यार,विश्वास देता है सदैव संबल

## ज़न्मदिन पर शुभकामनाएं देने वालों के प्रति वैद्य बंधु ने जताई कृतज्ञता

अमरावती- जीवन में लोगों के प्रेम, अपनेपन के साथ ही दिखाए गए विश्वास ने ही सदैव रास्ता सुझाया है. मेहनत, लगन के साथ ही माता-पिता के आशिर्वाद के कारण ही कामयाबी मिली है. जन्मदिन पर जिन लोगों ने शुभकामनाएं दी हैं, उन सभी लोगों के प्रति दिल से हार्दिक आभार जताना अपना कर्तव्य समझता हूं. लोगों का यही प्यार, अपनापन सदैव कुछ नया करने की प्रेरणा देता है. इन शब्दों में श्री वैद्य ब्रदर्स, श्री वैद्य ट्रेडर्स और वैद्य हार्डवेयर के संचालक पंकज वैद्य और अतुल वैद्य ने सभी के प्रति कृतज्ञता जताई. साथ ही लोगों के इस प्यार को याद रखने और यथासंभव समाज के लिए भी जो संभव हो करने का प्रयास करने की बात कही. उनके मुताबिक अकेला व्यक्ति कुछ नहीं कर सकता है. लेकिन जब सभी एकसाथ मिलकर कुछ करने का प्रयास करते हैं तो कोई काम असंभव नहीं होता है. इस पर उनका पूरा विश्वास है. दोनों के मुताबिक संघर्षों के दिनों से लेकर आज तीनों भाईयों द्वारा की जाने वाली मेहनत और लगन के चलते बदले दिन में जिन लोगों का भी सदैव



मार्गदर्शन, साथ और प्रोत्साहन मिला है, उनके प्रति कृ-तज्ञता जताई. जन्मदिन 18 मई को सुबह से लेकर रात तक हजारों लोगों ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए दोनों ही भाईयों के सुख, समृद्धि और स्वास्थ्य की कामना की. वैद्य बंधु जितने सफल व्यवसायी हैं, उतने ही बेहतरीन इन्सान भी हैं. सामाजिक, धार्मिक कार्यों में भी सदैव अग्रणी रहते हैं.

उनके मुताबिक लोगों से मिलने वाला प्रेम ही उनकी सबसे बड़ी ताकत रहता है. यही कारण है कि इससे मिलने वाले प्रोत्साहन के कारण ही आज श्री वैद्य ब्रदर्स शहर ही नहीं तो विदर्भस्तर के सुख्यात व्यवसायी हैं. ज़न्मदिन के दिन सुबह से लेकर रात तक हजारों की संख्या में चहेतों ने दोनों ही भाईयों के साथ श्रीमयी को फोन, मोबाइल, वाटसअप,फेसबुक पर शुभकामनाएं दी.





## विज्ञापन सहयोगी चाहिए

विदर्भ में तेजी से लोकप्रिय, आचार-विचार और संस्कारों को बढ़ावा देने वाले विदर्भ स्वाभिमान को विज्ञापन सहयोगी की आवश्यकता है. बाजार पर पकड़ रखने वाले और आर्थिक मजबूती के साथ ही संभाषण कला में निपुण युवक-युवतियां संपर्क करें. काम के आधार पर मानधन और उनके द्वारा किए गए व्यवसाय पर कमीशन भी दिया जाएगा. मेहनती तथा काम के प्रति जिद्दी युवक-युवतियां ही संपर्क करें.

संपर्क का समय सुबह 10-12 बजे

**मोबाइल 9423426199**



## ब्रेव गर्ल करीना का सम्मान

अपार्टमेंट में बंद मकान में सिलेंडर में लगी आग को बुझाने के लिए अपनी जान की बाजी लगाने वाली करीना थापा जहां बेटियों के लिए प्रेरणादाई बेटी बन गई है वहीं उसे पर सर्वत्र अभिनंदन का वर्षा हो रहा है.डॉ गोविंद कसट मित्र मंडल ने भी इस बेटी का सत्कार किया.कटोरा नाका स्थित अंबर टावर में करीना का माता-पिता के साथ सत्कार करते समाजसेवी सुदर्शन जैन,. कासट,मुख्य अध्यापक दिलीप सदार,सुभाष दुबे तथा अन्य मान्यवर.इस बेटी की दीर्घ अवधि वाली मदद भी की गई.




*गुणवत्ता विश्वसनीयता तत्पर सेवा*

शालेय, महाविद्यालयीन पाठ्य पुस्तक, सामान्य ज्ञान स्पर्धा की विभिन्न किताबे, रजिस्टर, नोटबुक्स, कम्पास सहित सभी प्रकार की फाइलें,बुक्स, स्टेशनरी का एकमात्र विश्वसनीय स्थान. रियायती कीमत तथा तत्पर सेवा ही हमारी विशेषता है.

--संपर्क--

प्रथमेश बुक व जनरल स्टोअर्स, रविनगर चौक, अमरावती.

सन 1967 पासून

अमरावती शहरात वाजवी दरात सर्वात जास्त प्लाटस्‌चे सौदे करणारे एकमेव इस्टेट एजंट

संजय एजंसीज्

टाऊन हॉल समोर, नेहरू मैदान,अमरावती.

फोन 2564125,2674048

राजपुरोहित डिजिटल स्टुडियो

*शादी-ब्याह का रंग, हमारे संग*

*आधुनिकतम साज-सज्जा के साथ ही रियायती कीमत में बेहतरीन गुणवत्ता क्री विडियो शूटिंग के लिए शहर ही नहीं तो समूचे विदर्भ में एकमात्र विश्वसनीय केन्द्र.फोटोग्राफी, विडियो शूटिंग के साथ अलबम के काम किए जाते हैं.*

राजपुरोहित फोटो स्टुडियो

कृष्णार्पण कॉलोनी, संत लहानुजी महाराज मंदिर के पास,अमरावती.अमरावती.

मो.9028123251

